जनता की आवाज, जनता का आदेश

# राष्ट्रीय जनादेश

janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com

बैतूल, शुक्रवार 27 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-64 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.







# माईनिंग के खजाने को पीडब्ल्यूडी ने लगाई चपत

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। लोक निर्माण विभाग के इस साल भी अन्य सालों की तरह थोक में काम चल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद रायल्टी अदा करने में विभाग द्वारा खासी कंजूसी बरती जा रही है। इस साल विभाग की ओर से खनिज विभाग को बतौर रायल्टी मात्र 46 .54 लाख रुपये ही मिल सके हैं। इसके विपरीत बीते सालों में लोक निर्माण विभाग द्वारा करोड़ों में रायल्टी अदा की जाती थी। कोयला खदानें बंद होने से वेस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) से मिलने वाले राजस्व में भी खासी कमी आई है। इसके चलते खनिज विभाग इस साल अपने लक्ष्य से काफी पीछे चल रहा है।**

## ▪ थोक में चल रहे निर्माण कार्य, पर रायल्टी अदा करने में कंजूसी ▪ लोनिवि से इस साल खनिज विभाग को मिले मात्र 46.54 लाख

खनिज विभाग को इस साल शासन से 113 करोड़ रुपये का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। वित्त वर्ष का यह आखरी सप्ताह चल रहा है और अभी तक विभाग मात्र 45 करोड़, 46 लाख, 23 हजार, 045 रुपये का राजस्व ही संग्रहण कर पाया है। विभाग का राजस्व घटने में मुख्य भूमिका वेकोलि की रही। वेकोलि से खनिज विभाग को सबसे ज्यादा रायल्टी मिलती है। लेकिन, वेकोलि की खदानें एक-एक कर बंद होने से इस रायल्टी में भारी गिरावट आई है। वर्ष 2023-24 में वेकोलि से 56 करोड़, 34 लाख, 91 हजार, 292 रुपये और वर्ष 2024-25 में 57 करोड़, 72 लाख, 07 हजार, 374 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस साल वेकोलि से महज 33 करोड़, 21 लाख, 01 हजार, 008 रुपये का राजस्व ही 26 मार्च शेष पेज 2 पर..




### ▪ लोनिवि से भी कम मिली रायल्टी

दूसरी सबसे चौंकाने वाली भूमिका लोक निर्माण विभाग की नजर आ रही है। इस साल शासकीय विभागों (जिसमें मुख्य रूप से लोक निर्माण विभाग शामिल है) से बेहद कम रायल्टी मिली है। लोक निर्माण विभाग से 2023-24 में 5 करोड़, 27 लाख, 63 हजार, 203 रुपये और 2024-25 में 4 करोड़, 55 लाख, 79 हजार, 070 रुपये मिले थे। इसके विपरीत इस साल महज 46 लाख, 54 हजार, 006 रुपये की रायल्टी ही 26 मार्च तक मिल सकी है। जबकि जानकारों का कहना है कि अन्य सालों में जैसे विभाग के कार्य चलते हैं, वैसे ही इस साल भी चल रहे हैं। ऐसे में रायल्टी में इतना अंतर नहीं आना चाहिए।

*▪ **इनका कहना :** खनिज विभाग की आय का सबसे बड़ा स्रोत कोयला है। वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा की कई खदानें बंद होने के कारण राजस्व में बड़ी कमी आई है। इनके अलावा लोक निर्माण विभाग से मिलने वाली रायल्टी भी इस साल कम मिली है। इसके लिए संबंधित विभाग से चर्चा की जा रही है।* ▪ ***मनीष पालेवार, उप संचालक (खनिज), बैतूल***

**खनिज विभाग की आय प्राप्ति की स्थिति**

| वित्त वर्ष | प्राप्त लक्ष्य | प्राप्त राशि | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 61 करोड़ | 63.67 करोड़ | 104.35 |
| 2023-24 | 75 करोड़ | 75.34 करोड़ | 100.42 |
| 2024-25 | 106 करोड़ | 76.28 करोड़ | 71.95 |
| 2025-26 | 113 करोड़ | 45.46 करोड़ | 42.23 |

# नगर सरकार के 250 करोड़ के बजट को पीआईसी की हरी झंडी

- नपा के दो सहायक राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही प्रस्तावित
- टैगोर वार्ड की मुख्य सड़क पर 28.45 लाख से लगेंगे डिवाइडर एवं रैलिंग




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर पालिका बैतूल में के सीएमओ नवनीत पांडे की उपस्थिति में गुरूवार को प्रेसिडेंट इन कौंसिल (पीआईसी) की बैठक नपाध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर की अध्यक्षता में हुई। बैठक नपा के बाल मंदिर सभागृह में संपन्न हुई। बैठक में पीआईसी द्वारा २५० करोड़ के बजट का अनुमोदन किया गया। इस साल लगभग ५० लाख रुपए बचत का बजट पेश किया गया है। बजट की विस्तृत जानकारी ३० मार्च को होने वाली परिषद बैठक में दी जाएगी।**

बैठक में पीआईसी ने नपा में पदस्थ दो सहायक राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने का प्रस्ताव भी पास किया। वहीं शहर के विभिन्न वार्डों में होने वाले निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई। नपा द्वारा हाल ही में टैगोर वार्ड में गुप्ता मॉल से एचपी गैस एजेंसी तक बनाई गई सीमेंट कांक्रीट सड़क में डिवाइडर एवं एमएस रैलिंग लगाने 28.45 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई। पीआईसी द्वारा बैठक में रखे गए 57 में से 56 कार्यों की स्वीकृति दी गई। नगर पालिका परिषद बैतूल की पीआईसी की बैठक गुरूवार को नपा के बाल मंदिर सभागृह में हुई। बैठक में कुल 57 विषय रखे गए थे। जिसमें सबसे प्रमुख नगर पालिका का साल 2026-27 के लिए आय-व्यय बजट स्वीकृत करवाना था। नपा के लेखा विभाग द्वारा साल 2026-27 में लगभग 250 करोड़ का बजट रखा। जिसमें नपा की आमदनी 250 करोड़ रुपए एवं खर्च लगभग 249 करोड़ 50 लाख रुपए किया है। जिसे पीआईसी शेष पेज 2 पर..

### ▪ दो सहायक राजस्व निरीक्षक पर कार्यवाही प्रस्तावित

नगर पालिका बैतूल में पदस्थ दो सहायक राजस्व निरीक्षकों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। सहायक राजस्व निरीक्षक पुष्पराव महस्की द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही करने विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया, वहीं सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती आरती सरियाम को चेक बाउंस के मामले में न्यायालय द्वारा दोषी पाए जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

# विधायक की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का करूंगा पूरा प्रयास : सीएमओ

▪ नवनीत पांडे ने संभाला प्रभार, जन सुविधाओं पर रहेगा फोकस

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मैं पूरे प्रयास करूंगा कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने जिन अपेक्षाओं के आधार पर मुझ पर भरोसा जताया है, उन अपेक्षाओं पर खरा उतरूं। उन्होंने कहा कि जिस शहर के विधायक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी हो, वहां पर भी यदि अधिकारी कार्य नहीं करते हैं तो यह उनका नकारापन ही कहा जाएगा। मैं स्वयं प्रतिदिन शहर में भ्रमण करूंगा और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर जो भी कमी होगी, उसे सुधारने का पूरा प्रयास करूंगा। यह बात नवागत सीएमओ नवनीत पांडे ने प्रभार ग्रहण करने के बाद 'राष्ट्रीय जनादेश' से चर्चा में कही।



सीएमओ श्री पांडे ने गुरुवार को नगर पालिका परिषद पहुंच कर अपना प्रभार ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने नपा के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। सीएमओ श्री पांडे ने प्रभार ग्रहण करते ही नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों के सामने स्पष्ट कर दिया है कि सभी को पूरी गंभीरता के साथ अपने-अपने कार्य करना होगा। अब कोई भी कामचोरी नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही यह भी साफ कर दिया कि रोजाना शाम को सभी से यह जानकारी भी ली जाएगी कि दिन भर में उन्होंने क्या-क्या किया। 'राष्ट्रीय जनादेश' से चर्चा में उन्होंने आगे कहा कि बैतूल शहर में करने के लिए बहुत कुछ है, यहां काफी कुछ करने की गुंजाइश है। अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जैसी शख्सियत यदि हमारे शहर में हैं और फिर भी यदि कोई शेष पेज 2 पर..

# दिन के साथ रात के तापमान में भी इजाफा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के तापमान में लगातार उछाल जारी है। अब दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस था। वहीं आज गुरुवार को अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लगातार बढ़ रहे तापमान के कारण आज लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

## कार्टून कोना




# श्रीराम नवमी आज, भगवा रंग से सजा शहर

▪ महा अष्टमी पर हुए हवन अनुष्ठान, आज होंगे भंडारे



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव श्री रामनवमी आज शुक्रवार को जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। श्रीराम नवमी के लिए पूरा शहर भगवा रंग से सजाया गया है, वहीं मंदिरों में आकर्षक विद्युत साज- सज्जा की गई है। श्रीराम नवमी पर आज जगह-जगह अनेको धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। साथ ही भंडारे भी आयोजित होंगे। शहर के कॉलेज रोड पर एक्सिस बैंक के सामने श्री सांई नवरात्र उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार दादा नाम जाप एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। गुरूवार को दुर्गाष्टमी पर मंदिरों के साथ ही घरों में भी हवन अनुष्ठान किए गए। श्रीराम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन होगा।

चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन गुरूवार को दुर्गाष्टमी पर मंदिरों के साथ ही घरों में भी हवन अनुष्ठान किए गए। कई स्थानों पर कन्या पूजन भी किया गया। चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन आज मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म उत्सव श्री राम नवमी पर्व मनाया जाएगा। श्री रामनवमी के पूर्व शहर के चौक चौराहो और प्रमुख सड़क पर भगवा तोरण, झंडे, स्वागत द्वार लगाए गए है जिससे










# संपादकीय

## जिद छोड़ें ईरान-अमेरिका, तभी थमेगी जंग

ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी। अमेरिका की शर्तें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे। ईरान के साथ युद्ध में करीब चार हफ्तों बाद अमेरिका ने समझौते की इच्छा जताई है। यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर है, लेकिन शांति की खातिर दोनों पक्षों को अपनी जिद छोड़नी होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने पाकिस्तान के जरिये ईरान तक 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। इसमें तेहरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम को बंद करने और होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह खोलने जैसी मांगें हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने भी अपनी मांगें रखी हैं, जिसमें सबसे अहम यह है कि अमेरिका को पश्चिम एशिया में अपने सभी सैन्य ठिकाने बंद करने होंगे। ये लाइनें लिखे जाने तक इन प्रस्तावों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमीरी मुकद्दम ने वॉशिंगटन और तेहरान के बीच किसी तरह की बातचीत से इनकार किया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने भी ट्रंप के प्रस्ताव का मजाक उड़ाया। लेकिन, अहम यह है कि अब कम से कम शांति की चर्चा तो हो रही है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे से जो चाहते हैं, वह मुश्किल है। कमोबेश इन्हीं मामलों पर फरवरी में भी बातचीत अटकी थी। इन बिंदुओं को वह रेड लाइन कह सकते हैं, जिसे पार करना दोनों देशों के लिए असंभव है। लेकिन, आमतौर पर युद्ध के बीच बातचीत इसी तरह से शुरू होती है। यह उम्मीद नहीं कर सकते कि दोनों देश सीधे आमने-सामने बैठ जाएंगे और उनकी बात बन जाएगी। दोनों को कॉमन ग्राउंड तलाशना होगा। तभी शांति की राह तैयार होगी। अमेरिका और ईरान के बीच भरोसे की कमी उन्हें सीधी बातचीत शुरू करने से रोक रही है। इससे पहले हुई सारे वार्ताएं नाकाम रही हैं और उनके दरम्यान ही अमेरिका-इस्राइल ने हमले शुरू कर दिए। ऐसे में तेहरान की हिचक समझी जा सकती है। बातचीत पर आगे बढ़ने के लिए यह भी जरूरी है कि पहले ईरान पर हमले बंद किए जाएं। यह नहीं हो सकता कि ट्रंप संघर्षविराम का प्रस्ताव भेजें और साथ में पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की संख्या भी बढ़ाते जाएं। अब तक के संघर्ष ने इतना तो बता दिया कि ताकत के जोर से सिर्फ तबाही ही मिलेगी। ट्रंप को इस्राइल को भी हमले रोकने के लिए मनाना चाहिए, क्योंकि अगर एक भी पक्ष समझौते का पालन नहीं करता है, तो शांति को कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

# श्रीराम नवमी पर आज निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा

## ■ झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र, होगा देवी जागरण

**सारनी (राष्ट्रीय जनादेश)। रामनवमी के अवसर पर सारणी में इस बार आस्था, परंपरा और भव्यता का संगम देखने को मिल रहा है। श्री राम मंदिर समिति द्वारा 27 मार्च को राम जन्मोत्सव, महाआरती और प्रसादी वितरण के साथ प्रमुख आयोजन किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी की संभावना है। पूरा नगर इन आयोजनों को लेकर उत्साह और भक्ति के रंग में रंग चुका है।**

### भव्य निकाली जाएगी शोभायात्रा

आज 27 मार्च को दोपहर के समय श्री राम मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का आयोजन होगा। इसके बाद महाआरती और श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने इसे भव्य रूप देने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसी क्रम में श्री राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे सारणी नगर का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचेगी। शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक और



धार्मिक संस्थाओं द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनेंगी।

### 23 वर्षों से जारी देवी जागरण की परंपरा

रामनवमी के उपलक्ष्य में आयोजित देवी जागरण इस क्षेत्र की पहचान बन चुका है। विगत 23 वर्षों से अशोक गुप्ता अपने पूज्य पिताजी स्व. राम शरण गुप्ता एवं पुत्र स्व. वरुण गुप्ता की स्मृति में इस जागरण का आयोजन कर रहे हैं। इसमें दूर-दूर से आमंत्रित भजन मंडलियां पूरी रात भक्ति रस की धारा प्रवाहित करती हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है।

### लगातार चल रही धार्मिक गतिविधियां

नवरात्र पर्व के तहत 19 मार्च से श्री राम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला निरंतर जारी है। प्रतिदिन सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जिसके बाद सुबह 5ः30 बजे से नवाह्न पारायण, मां दुर्गा सप्तशती पाठ और हवन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति भाव से सहभागिता कर रहे हैं।

### नगर में उत्साह, आयोजकों की अपील

आयोजकों ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें और पुण्य लाभ अर्जित करें। पूरे सारणी नगर में इस आयोजन को लेकर उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

# सवा 5 करोड़ से बनेगा हाईटेक जपं भवन

## ■ विधायक, जिपं अध्यक्ष एवं नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन
## ■ सर्वसुविधायुक्त भवन से जनप्रतिनिधियों को मिलेगी सुविधा

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर में 5 करोड़ 25 लाख की लागत से दो मंजिला हाईटेक जनपद पंचायत भवन का निर्माण होने जा रहा है जो जिले का पहला सुसज्जित भवन होगा। उक्त भवन निर्माण के लिए कामथ में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, नपाध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर तथा जनपद अध्यक्ष नानीबाई डहारे ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सीईओ डीएस मशराम सहित जनपद पंचायत के बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



### दो मंजिला बनेगा भवन

इस संबंध में आरईएस के उपयंत्री शुभम खरते ने बताया कि अतिरिक्त स्टांप शुल्क की राशि से दो मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसमें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के लिए अलग अलग कक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 20 हजार स्क्वेयर फीट में भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसकी ऐजेंसी आरईएस होगी तथा ठेका राजदीप कंट्रक्शन द्वारा लिया गया है। उक्त भवन की निर्माण अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार ने बताया कि मुलताई नगरीय क्षेत्र में सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं होने से कामथ पंचायत क्षेत्र में भवन का निर्माण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान जनपद पंचायत कार्यालय कोर्ट रोड पर स्थित है जो समय के साथ साथ अत्यंत जीर्ण शीर्ण हो चुका है। नये भवन के निर्माण से जनपद से संबन्धित सभी लोगों को सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत भवन हाईटेक तथा सर्व सुविधायुक्त होगा जिसमें पार्किंग सहित पर्याप्त व्यवस्थाएं होगी।

# कनज डेनियल डिसूज़ा को मिली पीएचडी




**पाढर (राष्ट्रीय जनादेश)।** डाइट प्रभातपट्टन से प्रभारी प्राचार्य पद से सेवानिवृत्त हुए कमलकांत डेनियल एवं केन्द्रीय विद्यालय बैतूल से टीजीटी पद से सेवानिवृत्त हुई श्रीमती सीमा रानी डेनियल की सुपुत्री श्रीमती कनज डेनियल डिसूज़ा पति डॉ. प्रशांत मारियो डिसूज़ा को मालवाचंल विश्व विद्यालय इंदौर द्वारा पीएचडी की उपाधि दी गई। श्रीमती कनज डेनियल डिसूज़ा वर्त्तमान में कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल स्कूल ऑफ हेल्थ सांइसेस प्रयागराज उत्तरप्रदेश में कार्यरत हैं। श्रीमती कनज ने अपना शोधकार्य ''शिशुओं की माताओं को डायपर के उपयोग से होने वाले त्वचा के संक्रमण के संबंध में ज्ञान पर जानकारी के प्रभाव का आकलन करना'' विषय पर किया। उनके द्वारा अपना शोध कार्य इंडेक्स नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. स्मृति ग्रेस सॉलोमन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। मालवाचंल विश्व विद्यालय इंदौर द्वारा विगत दिनों आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम में श्रीमती कनज डेनियल डिसूज़ा निवासी ग्राम पाढर को डॉक्टर ऑफ फिलासफी (पीएचडी इन पिडियाट्रिक्स नर्सिंग) प्रदान की गई। डॉ. कनज की इस उपलब्धि पर परिजनों, ईष्टमित्रों सहयोगियों, शुभचिंतों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतू शुभकामनाएं दी है। दैनिक राष्ट्रीय जनादेश परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# महाअष्टमी पर प्राचीन श्री माता मंदिर में हुई महागौरी की आराधना

## ■ आज नवमी पर कन्या पूजन-भंडारा, शनिवार को ज्वारे विसर्जन

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ महाअष्टमी के अवसर पर प्राचीन श्री माता मंदिर में माता महागौरी की आराधना के साथ विशेष हवन पूजन संपन्न हुआ। हवन से पूर्व रामचंद्र सोनी परिवार द्वारा विधिवत पीठ पूजन किया गया। इस दौरान बालक आद्विक आदित्य श्रीवास्तव का फल से तुलादान किया गया, जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। दोपहर 2 बजे पंडित कमलेंद्र तिवारी ने विधि-विधान से हवन पूजन संपन्न कराया। हवन में श्रीमती स्वाति मोहित सोमगढ़ परिवार मुख्य जजमान रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन का लाभ लिया। महाअष्टमी पर हरिओम शुक्ला परिवार द्वारा माता का विशेष श्रृंगार भी किया गया। मंदिर समिति अध्यक्ष डब्बू तलेडा ने बताया कि नवमी पर दोपहर में कन्या पूजन के साथ विशेष भंडारा आयोजित होगा, जबकि शनिवार शाम 4 बजे ज्वारे का विसर्जन किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की।*

## रघुवंशी समाज आज निकलेगा विशाल श्रीराम शोभायात्रा

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ रघुवंशी समाज द्वारा आज 27 मार्च को बैतूल शहर में भगवान श्रीराम की विशाल शोभायात्रा श्रद्धा, भक्ति और मर्यादा के साथ निकाली जाएगी। जिसमें नगरवासियों एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। शोभायात्रा का प्रस्थान हनुमान मंदिर ( न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड ) से शाम 5 बजे किया जाएगा। यात्रा 5:30 बजे लल्ली चौक, 6 बजे अखाड़ा चौक, 6:20 बजे रघुवंशी मोहल्ला, 6:50 बजे समर्पण हॉस्पिटल होते हुए 7:15 बजे रघुवंशी मंगल भवन पहुंचेगी। यहां 7:15 से 7:30 बजे तक भगवान श्रीराम की भव्य आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने सभी नगरवासियों से समय का विशेष ध्यान रखने और अनुशासन के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।*

## परचरी पुराण के समापन पर विशाल भंडारा आज

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को जिले के ग्राम बड़गांव में संत श्री सिंगाजी महाराज की पावन परचरी पुराण के समापन के साथ विशाल भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन होगा, जिसमें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे। संत श्री सिंगाजी गवली समाज संगठन जिला अध्यक्ष भूरा यादव, मार्गदर्शक मंडल के वरिष्ठ सदस्य नाथूराम पोटे, के. पाटनकर एवं रमेश येवले ने बताया कि इस कार्यक्रम में संत सिंगाजी महाराज की महिमा का गुणगान, धार्मिक प्रवचन एवं समाज उत्थान से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।*

## मंदिर के शिखर के दर्शन करने से होता है पुण्य प्राप्त

### ■ देवी भागवत का अखंड जागरण के साथ आज होगा समापन

*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ ग्राम डहुआ में चैत्र के नवरात्र में देवी भागवत का आयोजन किया गया जिसमें नौ दिनों तक बड़ी संख्या में डहुआ सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालुओं ने भागवत का श्रवण किया। देवी भागवत का समापन शुक्रवार भंडार प्रसादी तथा विशाल देवी जागरण के साथ होने जा रहा है। कथा वाचक आचार्य विपिन बिहारी महाराज ने बताया कि चैत्र के नवरात्र का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है इसलिए नवरात्र में रात जागना चाहिए तथा दिन में विश्राम करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिमा के दर्शन के पहले मंदिर शिखर के दर्शन करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है तथा पापों का नाश होता है। देवी भागवत के दौरान विभिन्न प्रसंगों की झांकियां भी तैयार की गई जिसमें शिव पार्वती विवाह की भी लीला का मंचन किया गया। इस संबन्ध में ग्रामीण मनोज बारंगे ने बताया कि चैत्र के नवरात्र में देवी भागवत के आयोजन से डहुआ गांव पूरी तरह मां की भक्ति में लीन रहा तथा माहौल पूरी तरह धर्ममय रहा।*

पेज 1 से जारी...

## माईनिंग के खजाने...

तक प्राप्त हो सका है।

### गिट्टी-मुरम-बोल्डर से भी कम आमदनी

इसके अलावा गिट्टी, मुरम और बोल्डर से भी खनिज विभाग को इस साल कम आय हुई है। बीते साल गिट्टी से 8 करोड़, 72 लाख, 97 हजार, 192 रुपये, मुरम से 1 करोड़, 98 लाख, 49 हजार, 800 रुपये और बोल्डर से 1 करोड़, 85 लाख, 11 हजार, 850 रुपये की आय हुई थी। इस साल गिट्टी से 6 करोड़, 89 लाख, 48 हजार, 183 रुपये, मुरम से 1 करोड़, 52 लाख, 91 हजार, 887 रुपये और बोल्डर से 1 करोड़, 43 लाख, 03 हजार, 560 रुपये की रायल्टी ही मिल सकी है।

### दो साल से कम भर रहा खजाना

खनिज विभाग का खजाना बीते 2 सालों से कम ही भर रहा है। वर्ष 2022-23 में 61 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत 63.37 करोड़ और 2023-24 में 75 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत 75.34 करोड़ का राजस्व संग्रहण विभाग ने किया था। इसके उलट वर्ष 2024-25 में 106 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 76.28 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया था। इस साल तो हालत और खराब है। इस साल 2025-26 में 113 करोड़ का लक्ष्य जिले को मिला था, लेकिन 26 मार्च तक मात्र 45.46 करोड़ का राजस्व ही हासिल हो सका है। यह लक्ष्य का आधा भी नहीं होकर मात्र 42.23 प्रतिशत ही है।

### केवल विविध खनिज में बढ़ा राजस्व

मुख्य खनिजों के अलावा इस साल केवल विविध खनिज मद में राजस्व बढ़ा है। विविध खनिज के लिए बीते साल 1 करोड़, 43 लाख, 08 हजार, 533 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो कि इस साल बढ़कर 1 करोड़, 93 लाख, 24 हजार, 401 रुपये हो गया है। हालांकि 2023-24 के मुकाबले यह भी काफी कम है। उस वर्ष इस मद में 4 करोड़, 59 लाख, 32 हजार, 134 रुपये का राजस्व मिला था। इनके अतिरिक्त ग्रामीण के अंतर्गत मिलने वाला राजस्व भी घाटा है। इस मद में इस साल लक्ष्य 25.61 करोड़ का था पर 13.94 करोड़ ही मिल पाए हैं। 2023-24 में 16.58 करोड़ के लक्ष्य के मुकाबले 16.06 करोड़ और 2024-25 में 18.31 करोड़ के मुकाबले 20.49 करोड़ प्राप्त हुए थे।

## नगर सरकार के...

ने स्वीकृत कर दिया है।

### नपाकर्मियों के निधन पर अनुकंपा नियुक्ति प्रस्तावित

पीआईसी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि नपा में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी या आउटसोर्स कर्मचारी नपा में पदस्थ रहते हुए दिवंगत हो जाते हैं तो उनके परिजन या आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति की तरह नगर पालिका में ही दैनिक वेतन भोगी या आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में पदस्थ किया जाएगा। बैठक में नपा के दिवंगत भृत्य स्वर्गीय जितेंद्र धुर्वे की मृत्यु उपरांत उनके पुत्र मयंक धुर्वे को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निकाय में कार्यरत लगभग 10 श्रमिकों को अर्ध कुशल एवं कुशल श्रमिक का वेतन देने का निर्णय भी लिया गया।

### एसएचजी वृक्षारोपण प्रोत्साहन राशि पर होल्ड

नपा पीआईसी में रखे गए 57 विषयों में से 56 विषयों को स्वीकृति दे दी गई है। विषय क्रमांक 8 में अमृत 2.0 योजना अंतर्गत वूमन फार ट्री योजनांतर्गत दी जा रही प्रोत्साहन राशि अनुसार अमृत महाभियान अंतर्गत एसएचजी द्वारा किए जाने वृक्षारोपण हेतु भी प्रति वृक्ष प्रति माह 50 रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रस्ताव रखा था। पीआईसी ने इसे होल्ड पर रख दिया है। यदि इसे स्वीकृति मिल जाती तो एसएचजी द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण में भी प्रति पेड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि मिलना शुरू हो जाती।

### इन वार्डों में होगे निर्माण कार्य

पीईसी द्वारा टैगोर वार्ड में 28.45 लाख रुपए से डिवाइडर एवं एमएस रैलिंग निर्माण, 23.38 लाख से पार्किंग रोड एवं पेविंग ब्लॉक निर्माण, चंद्रशेखर वार्ड में 24.11 लाख से आरसीसी कवर्ड नाली निर्माण, भगतसिंह वार्ड में 20.19 लाख रुपए से रिटनिंग वाल निर्माण, विवेकानंद वार्ड में 27.70 लाख से आरसीसी नाली एवं सीसी रोड तथा 15.42 लाख से आरसीसी नाली निर्माण, विकास वार्ड में 31.05 लाख रुपए ने गलियों में सीसी सड़क निर्माण, मालवीय वार्ड में 24.46 लाख रुपए से रिटर्निंग वाल निर्माण, प्रताप वार्ड में 13.90 लाख रुपए से सीसी रोड़ निर्माण सहित शहर के अन्य वार्डों में करोड़ों रुपए के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दी है। नगर पालिका परिषद की बैठक आगामी 30 मार्च को रखी गई है जिसमें बजट सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर निर्णय किए जाएंगे।

## विधायक की...

अधिकारी कोई काम नहीं करवा पाए तो यह उक्त अधिकारी का नकारापन ही माना जाएगा। उन्होंने कहा कि वे ऐसी स्थिति हर्गिज नहीं बनने देंगे। वे शहरवासियों के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध कराने के पूरे-पूरे प्रयास करेंगे। उनकी पूरी कोशिश होगी कि नपा की किसी अव्यवस्था के कारण किसी भी नागरिक को कोई परेशानी न उठाना पड़े। सीएमओ श्री पांडे ने बताया कि उनके पूरे प्रयास रहेंगे कि नगर पालिका की हर शाखा अपने कार्य सुचारू रूप से करें और लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराए। वे स्वयं भी नगर पालिका में उपलब्ध रहेंगे और सुबह शहर में भी भ्रमण करेंगे। वे स्वयं बैतूल में कई सालों तक रह चुके हैं, इसलिए पूरे शहर के चप्पे-चप्पे को देखा है और उन्हें शहर को जानने-समझने में अतिरिक्त समय नहीं लगेगा।

### गड़बड़ी करने वालों की खैर नहीं

नगर पालिका के उन कर्मचारियों की अब खैर नहीं जो कि गंभीरता से अपना कार्य करने के बजाय विभिन्न तरीकों से गड़बड़ी करके अव्यवस्था बनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। सीएमओ श्री पांडे ने आते ही ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं ताकि इन पर अंकुश लगाया जा सके।

### कलेक्टर और नपाध्यक्ष से सौजन्य भेंट

सीएमओ श्री पांडे ने ज्वाइन करने के बाद कलेक्टर बंगले पहुंच कर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से सौजन्य भेंट की। इसके बाद वे नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर के निवास पर पहुंचे और उनसे भी सौजन्य भेंट की।

## श्रीराम नवमी...

पूरा शहर भगवा रंग में रंग गया है। मंदिरों में भी आकर्षक साज-सज्जा की गई है। कुछ मंदिरों में गुरूवार से ही श्रीरामचरित मानस पाठ शुरू किया गया है जिसका समापन आज होगा। कोठीबाजार स्थित श्रीराम मंदिर एवं छोटा श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे श्रीराम का जन्म उत्सव मनाया जाएगा। विभिन्न हिंदूवादी संगठनों द्वारा भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। घरों में सुबह से कन्या भोजन करवाया जाएगा। वहीं जगह-जगह भंडारे प्रसादी का वितरण कर रामलला का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिरों में नवरात्रि पर बोई गई जाग का विसर्जन किया जाएगा। श्रीराम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन होगा।

**CHANGE OF NAME**

I hitherto known as PRAVEEN KUMAR KODLE S/o HARIRAM KODLE residing at Gram Nayegaon Post Rondha, Betul PO: Betul, Dist: Betul, Madhya Pradesh-460001 have changed my name and shall hereafter be known as BHAURAO KODLE.

# 31 मार्च तक जारी रहेगी लोक अदालत में कर जमा करने पर मिल रही छूट

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मध्यप्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा संपत्ति कर एवं जलशुल्क के बकायादारों को अधिभार में छूट प्रदान की जा रही है। यह छूट 25 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 31 मार्च 2026 तक आयोजित लोक अदालत के माध्यम से दी जा रही है। नगर पालिका परिषद के राजस्व निरीक्षक ने समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील की गई है कि वे इस अवधि के दौरान लोक अदालत में उपस्थित होकर अपना बकाया कर जमा करें और अधिभार में छूट का लाभ उठाएं।

**प्लाट बेचना है**

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है। 0504

:: संपर्क करे :: 9425693399

**प्लाट बेचना है**

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है

संपर्क करे : 9424042239

**मकान किराए से देना है**

बिजली ऑफिस के पास चिचोली में स्थित सर्वसुविधायुक्त मकान किराए से देना है 2803

संपर्क करे : 8269999919

## मंडी भाव, कृषि उपज मंडी, बैतूल



दिनांक : 24.03.2026

| जिंस का नाम | आवक | न्यूनतम | उच्चतम | प्रचलित |
|---|---|---|---|---|
| सोयाबीन पीला | 1903 | 4500 | 5650 | 5150 |
| चना | 42 | 4401 | 5376 | 5200 |
| मक्का | 15871 | 1401 | 1910 | 1750 |
| गेहूं | 4300 | 2100 | 2354 | 2275 |
| सरसों | 180 | 5625 | 7075 | 5900 |
| तुअर | 7 | 6501 | 7001 | 6501 |
| मसूर | --- | --- | --- | --- |
| मूंग | --- | --- | --- | --- |
| उड़द | --- | --- | --- | --- |
| गुल्ली | --- | --- | --- | --- |
| बटना | --- | --- | --- | --- |
| योग | 22303 | | | |

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-9171413554 84

## खबर एक नजर

### मनोज आर्य ने भोपाल में किया पदभार ग्रहण



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा हाल ही में पालिटिकल मैपिंग परिसीमन के लिए बैतूल जिले के कांग्रेस नेता मनोज आर्य को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया था। मंगलवार को श्री आर्य ने भोपाल पहुंचकर पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले, पीसीसी उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे का आभार व्यक्त कर पदभार ग्रहण किया। श्री आर्य ने सभी वरिष्ठ नेताओं से मार्ग दर्शन प्राप्त कर आगामी कार्य योजना पर चर्चा की साथ ही आश्वसन दिया कि कांग्रेस पार्टी का भौगोलिक स्वरूप में राजनैतिक मानचित्रण कर सभी से सुझाव लिए जाएंगे। पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार कर संगठन सृजन किया जाएगा। साथ ही सभी जिलों में विधानसभा क्षेत्र पर मतदान केन्द्र, मंडलम, उपब्लॉक और ब्लॉक अध्यक्षों के साथ ही कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं से चर्चा कर पालिटिकल मैपिंग एवं परिसीमन का प्रस्ताव तैयार कर प्रदेश संगठन को सौंपा जाएगा।

### सरस्वती विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 5 वी एवं 8 वी का सरस्वती विद्या मन्दिर कालापाठा का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा। कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत सभी 62 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। कक्षा 8 वीं की जानवी दांगोड़े ने 93 प्रतिशत अंक, रिषिका पवार ने 90.5 प्रतिशत अंक, भूमिका लोखंडे ने 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं कक्षा 5 वी में सभी 60 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण रही और विद्या दांगोड़े ने 91 प्रतिशत, बहिन श्रेयांशी यादव ने 87.75 प्रतिशत एवं मोनाली बारंगे व मौलिक बारंगे ने 85.75 प्रतिशत प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालन समिति महर्षि अरविन्द शिक्षा समिति पदाधिकारियों, सरस्वती विद्या मन्दिर कालापाठा के प्राचार्य एवं स्टॉफ बधाई दी है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** आगामी 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने को लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति, और बाबा विश्वनाथ शिव मंदिर समिति राजेन्द्र वार्ड की बैठक गुरुवार को शिव मंदिर परिसर राजेंद्र वार्ड में आयोजित की गई। इस संबंध में अंशुल मिश्रा ने बताया कि 2 अप्रैल को भगवान श्री हनुमान जी और भारत माता की आरती 7:30 बजे उसके पश्चात भंडारा महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। ब्रजेश अक्कु मगरे और गोविंद साहू ने बताया कि इस दिन फायर शो रंगीन आतिशबाजी और अचल झांकियों की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। सिद्धार्थ सोनपुरे और तरुण साहू ने बताया कि उत्सव को लेकर दायित्व सौंप दिए गए हैं। समिति के विकास खातरकर ने सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### शनिवार को जलेगी मां की ज्योत



**आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र के भक्ति गन 28 मार्च दिन शनिवार को जोत लगाकर बड़ी माता मंदिर से नगर सेठानी माता मंदिर एवं नगर के सभी नगर देवताओं के पास जाकर पूजा अर्चना करेंगे और जोत लगाएंगे पूर्णिमा पर होने वाले चेत्र का शुभारंभ 28 मार्च दिन शनिवार से होगा। मां जगत जननी जगदंबा से नगर की शुभ समृद्धि एवं अपने शरीर को पूर्णिमा तक नाडा गाड़े खींचकर अपनी मन्नतें मां के दरबार में पूरी करेंगे। इस संबंध में गणपति बारमासे ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र पूर्णिमा पर लगने वाले मेले में आठनेर सहित क्षेत्र के सभी भक्तों का मां जगत जननी जगदंबा के दरबार पहुंचेंगे। अपनी मन्नत पूरी करेंगे और नाडे गाडे खींचेंगे। इसके संबंध में शनिवार में जोत लगाकर भक्तगण नगर में घूमेंगे और घर-घर जाकर सभी नगर वासियों से मां के लिए भेंट लेंगे।

# श्रीराम नवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

- झांकियां एवं ढोल रहे आकर्षण का केंद्र
- मंदिरों में दोपहर 12 बजे मनाया जन्मोत्सव
- दर्शन के लिए लगी रही श्रद्धालुओं की भीड़











**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)। पवित्र नगरी में श्रीराम नवमी पर ताप्ती तट स्थित प्राचीन राम मंदिर एवं गांधी चौक स्थित राम मंदिर मे दोपहर 12 बजे धूमधाम से श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान दोनों मंदिरों में श्रद्धालुओं की पहले से ही भीड़ एकत्रित हो गई तथा ठीक 12 बजे रामलला के जयकारों के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव घंटे एवं घड़ियालों की गूंज के साथ मनाया गया इसके उपरांत प्रसादी का वितरण किया गया जिसे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। इधर शाम बसस्टैंड परिसर से श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें धुमाल ढोल एवं झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही।**

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं ने शामिल होकर भगवान श्रीराम के जयकारे लगाए। शोभायात्रा गाजे बाजे एवं डीजे के साथ निकली शोभायात्रा में रामलला की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही वहीं आदि योगी, महाकाली, राधा कृष्ण की झांकी दर्शनीय रही। शोभायात्रा बसस्टैंड परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जिसे देखने के लिए श्रद्धालुओं का हुजुम उमड़ पड़ा। देर रात तक शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया जिसमें पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, संजय यादव सहित नगर के गणमान्य नागरिक एवं युवा वर्ग शामिल हुआ। मां दुर्गा हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि रामनवमी की लगभग एक माह पूर्व से तैयारियां की जा रही थी जिसके बाद धूमधाम से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई।

# चिरान स्टील का फरमान-लोकल मजदूरों को नहीं मिलेगा काम

- पुरानी चार इकाइयों को तोड़ने का लिया है कंपनी ने ठेका

**सारनी (राष्ट्रीय जनादेश)।** क्षेत्र के मजदूर लंबे समय से किसी बड़े काम के शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ तो उनकी उम्मीदों पर ही पानी फिर गया। सतपुड़ा पॉवर प्लांट की पुरानी चार बिजली इकाइयों को तोड़ने का ठेका लेने वाली चिरान स्टील कंपनी ने फरमान जारी कर दिया है कि स्थानीय मजदूरों से वह काम नहीं कराएगी। जानकारी के अनुसार 210 मेगावाट क्षमता की 3 और 200 मेगावाट की एक इकाई को तोड़ने का ठेका कोलकाता की चिरान स्टील कंपनी ने 342 करोड़ में लिया है। ठेका लेने वाली चिरान स्टील कंपनी ने कार्य का श्री गणेश भी कर दिया है। बताया जाता है कि उक्त कंपनी ने करीब 300 मजदूर बंगाल, यूपी और बिहार से लाने का फरमान जारी कर दिया है। इससे स्थानीय मजदूरों में भारी आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय मजदूरों ने बताया कि हम सालों से बेरोजगार बैठे हैं। हमारे क्षेत्र में काम का अवसर आया है, लेकिन चिरान स्टील कंपनी बाहरी मजदूरों से काम करवाने पर जोर दे रही है। आक्रोशित मजदूरों ने कहा कि हम किसी भी हाल में चिरान स्टील कंपनी को काम नहीं करने देंगे। मजदूरों का कहना है कि प्रदेश सरकार के मुखिया भी सर्वप्रथम स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने पर जोर दे रहे हैं। इसके बावजूद बाहरी कंपनी स्थनीय लोगों को रोजगार देने के बजाय उनसे काम छीनने पर उतारु है। पॉवर प्लांट के स्थनीय अधिकारियों को उक्त मामले में संज्ञान नहीं लेने पर मामला विवाद में पड़ सकता है। बताया जाता है कि लोहा कटिंग का काम लगभग 2 से 3 साल तक चलेगा। उक्त मामले में स्थानीय मजदूरों द्वारा मुख्य अभियंता सुशील कुमार लिल्होरे और थाना प्रभारी से मुलाकत करने की बात भी सामने आई है।

### तीन माह से चल रहा था फरार, पुलिस ने घोषित किया इनाम

# रात में घर आने के लिए धमकाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** पुलिस ने एक नाबालिग बालिका का जबरन फोटो खींचकर उसे वायरल करने तथा रात में घर आने के लिए धमकाने वाले इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 3 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस ने बताया कि 9 जनवरी 2026 को फरियादिया द्वारा थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 15 दिसंबर 2025 को मुलताई मेले में आरोपी लतिप द्वारा उसकी जबरदस्ती फोटो खींची गई एवं फोटो वायरल करने की धमकी दी गई। इसके बाद 7 जनवरी 2026 को जब वह खेत की ओर जा रही थी, तब आरोपी के साथियों राजेश एवं मोठू द्वारा उसे रास्ते में रोककर जबरन फोन पर आरोपी लतिप से बात कराई। इस दौरान आरोपी ने उसे रात में घर आने के लिए धमकाया तथा मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर थाना मुलताई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### घटना के बाद से चल रहा था फरार

घटना के पश्चात से ही आरोपी लगातार फरार चल रहे थे एवं गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थान बदलते रहे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल द्वारा प्रत्येक आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था । थाना मुलताई पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास कर आरोपियों की तलाश जारी रखी गई।

### घर आते ही पुलिस ने दबोचा

26 मार्च को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मुख्य आरोपी लतिप उर्फ ललित पिता लखन बिहरे (उम्र 30 वर्ष), निवासी ग्राम कोंढर तीन माह बाद अपने घर आया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम कोंढर में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# पुलिस ने पकड़ी 17,980 रुपए की 39 लीटर शराब

- अवैध शराब बेचते हुए 9 आरोपियों को भी किया गिरफ्तार




**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर कार्यवाही करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 39 लीटर शराब जब्त की है की जिसकी बाजार में कीमत 17 हजार 980 रुपए बताई गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में 1 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी एस.के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार के नेतृत्व में की गई।

### कुल 39.840 लीटर अवैध शराब जब्त

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुलताई कस्बा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस ने अलग-अलग जगहों से अवैध रूप से शराब बेचते हुए 9 आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 188 पाव और 6 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कुल मात्रा 39.840 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 17,980 रुपए बताई गई है।

### शराब बेचते इनको किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अविनाश बचले, मिथुन पवार, मनोज कुशवाह, इंदल लबाड, सुरेन्द्र शिवहरे, मनोज शिवहरे, राजेन्द्र और संतुलाल उइके शामिल हैं। ये आरोपी शराब रखने या बेचने का कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने सभी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के साथ उप निरीक्षक मांडवी, विजय जोठे, प्रधान आरक्षक दिनेश बर्डे, सुशील धुर्वे, पुष्पा धुर्वे, आरक्षक नरेन्द्र कुशवाह, प्रिंस, विवेक और महिला आरक्षक छाया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की इस कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ इसी तरह सख्ती जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# कक्षा 5 वीं और 8 वीं का 93 फीसद रहा रिजल्ट

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5 वीं और 8 वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा के परिणाम बुधवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष आमला ब्लॉक का परीक्षा परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा है। ब्लॉक के दोनों ही कक्षाओं में 93 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता का परचम लहराया है।

### 5 वीं में 2258 बच्चे हुए पास

मिली जानकारी के अनुसार, कक्षा 5वीं की परीक्षा में आमला ब्लॉक से कुल 2412 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 2258 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। ब्लॉक का सफलता प्रतिशत 93.61 रहा है। छोटे बच्चों के बोर्ड पैटर्न एग्जाम होने के बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

### 8 वीं 2284 बच्चे हुए पास

इसी प्रकार कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम में भी ब्लॉक की स्थिति काफी मजबूत रही। 8वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 2453 बच्चे शामिल हुए थे, जिनमें से 2284 बच्चों ने सफलता प्राप्त की है। इस कक्षा का परिणाम भी 93 प्रतिशत से अधिक रहा है। परीक्षा परिणाम की घोषणा के बाद स्कूलों और सफल छात्र-छात्राओं के घरों में खुशी का माहौल है।

### मेहनत का मिला सुखद परिणाम

परीक्षा परिणाम के विषय में बीआरसीसी मनीष धोटे ने बताया कि इस वर्ष 5वीं तथा 8वीं का परीक्षा परिणाम बहुत अच्छा रहा है। बुधवार को घोषित नतीजों के अनुसार अधिकांश बच्चे पास हो गए हैं। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग अब 5वीं और 8वीं की परीक्षा भी बोर्ड पैटर्न पर लेता है, जिससे बच्चों की नींव मजबूत हो रही है। इस सफलता का श्रेय शिक्षकों की मेहनत और विद्यार्थियों के समर्पण को जाता है।

### बोर्ड पैटर्न से बढ़ा शिक्षा का स्तर

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा विभाग ने गुणवत्ता सुधार के लिए 5 वीं और 8 वीं को पुनः बोर्ड पैटर्न पर आधारित कर दिया है। इससे विद्यार्थियों में वार्षिक परीक्षा के प्रति गंभीरता बढ़ी है। आमला ब्लॉक के इस बेहतर प्रदर्शन से शिक्षा विभाग के अधिकारी भी संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

## प्रशासन ने जब्त किए डंपर और पोकलेन

- लीज एरिया छोड़ दूसरी जमीन पर की जा रही थी खुदाई

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** क्षेत्र में अवैध उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। ग्राम अंबाड़ा से लगे क्रेशर क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे खनन पर एसडीएम और माइनिंग टीम ने छापा मारा। इस दौरान मौके से एक डंपर और एक पोकलेन मशीन को जब्त किया गया है। यह मशीन उपेंद्र सूर्यवंशी उर्फ धुरु की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, ग्राम अंबाड़ा में स्थित क्रेशर संचालक द्वारा आवंटित पट्टे की निर्धारित सीमा का उल्लंघन किया जा रहा था। इलीगल एरिया से पत्थर निकालने के बजाय, संचालक अपने पट्टे को छोड़कर दूसरे की निजी जमीन पर अवैध रूप से उत्खनन करवा रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ और मौके पर दबिश दी।

### कार्यवाही से मचा हड़कंप


कार्रवाई के दौरान एसडीएम शैलेंद्र बड़ोनिया, माइनिंग टीम, राजस्व निरीक्षक और पटवारी दल-बल के साथ मौजूद रहे। जैसे ही टीम मौके पर पहुंची, वहां हड़कंप मच गया। टीम ने मौके से अवैध उत्खनन में लगी उपेंद्र सूर्यवंशी उर्फ धुरु की मशीन और एक डंपर को रंगे हाथों पकड़ा। प्रशासन ने तत्काल मशीनों को जब्त कर लिया है। मामले को लेकर जिला माइनिंग अधिकारी वीरेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि अंबाड़ा क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। पट्टा क्षेत्र से बाहर जाकर खनन करना गंभीर उल्लंघन है। जब्त की गई मशीनों पर माइनिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया जा रहा है। अवैध उत्खनन के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सचिन जायसवाल की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

**आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)।** नगर के प्रतिष्ठित हीरो शोरूम के संचालक एवं उन्नत कृषक महेश चंद्र जायसवाल के सुपुत्र स्वर्गीय सचिन जायसवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन नगर के बैतूल आठनेर मुख्य बस स्टैंड पर हीरो शोरूम के सामने किया गया है। इसमें सभी नगर वासी भाग लेकर रक्तदान कर सकते हैं और अपने रक्त से किसी को नई जिंदगी दे सकते हैं। रक्तदान महादान इससे बड़ा कोई दान नहीं है। श्री जायसवाल ने सभी से उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाने की अपील की है।

# पंपों पर खत्म हुआ डीजल-पेट्रोल का स्टॉक

- केवल दो पंपों पर हो रही बिक्री, परेशान हो रहे लोग



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। अमेरिका-इजराईल का ईरान के साथ हो रहे युद्ध का असर बैतूल में भी दिखाई नहीं देने लगा है। युद्ध की वजह से पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति बाधित होना प्रारंभ हो गया है जिससे पेट्रोल पंपों पर स्टॉक ही खत्म होने लगा है। शहर में मात्र दो पेट्रोल पंपों पर ही डीजल-पेट्रोल मिल रहा था बाकी बंद थे। स्टॉक खत्म होने से आम लोगों के साथ-साथ वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बस स्टैंड इलाके के सिर्फ दो पेट्रोल पंपों पर ही पेट्रोल-डीजल मिल रहा है। यहां हालात ऐसे हैं कि सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।**

### पेट्रोल-डीजल पर लगी लिमिट

सीमित स्टॉक के चलते पंप संचालकों ने भी बिक्री पर सीमा तय कर दी है। वाहन चालकों को अधिकतम 1000 रुपए तक का डीजल और 500 रुपए तक का पेट्रोल ही दिया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को ईंधन मिल सके।

### नहीं लगाई आधिकारिक रोक

तहसीलदार संजय बारिया ने साफ किया कि प्रशासन की तरफ से ऐसी कोई लिमिट तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ पंपों पर स्टॉक खत्म होने के कारण यह स्थिति बनी है। साथ ही फूड अधिकारी को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

### किसान हो रहे परेशान

नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने बताया कि उन्हें लगातार किसानों के फोन आ रहे हैं कि डीजल नहीं मिल पा रहा है। इससे खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर एसडीएम राजीव कहार से चर्चा की गई है। साथ ही सवाल उठाया कि जब सप्लाई जारी है, तो फिर पंपों पर किल्लत क्यों हो रही है इसकी जांच होनी चाहिए। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेट्रोल-डीजल की सप्लाई ठीक कराई जाए, ताकि हालात सामान्य हो सकें। लोगों से अपील भी की जा रही है कि जरूरत के हिसाब से ही ईंधन लें और अफरा-तफरी से बचें।

## कार्यालय जनपद पंचायत, घोड़ाडोंगरी, जिला-बैतूल (म.प्र)

क्र./......../ज.पं./म.पा./2025/26 — घोड़ाडोंगरी, दिनांक 23/03/2026

### //विज्ञप्ति//

जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी को पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत प्राप्त अधिकारों के तहत निम्नांकित सिंचाई जलाशय शासन द्वारा निर्धारित नीति अनुसार 10 वर्षीय मत्स्यपालन / विकास के लिए पट्टे पर दिया जाना है। अतः निर्धारित प्राथमिकता रखने वाले पंजीकृत मछुआ सहकारी समितियों/स्व सहायता मछुआ समूहों / व्यक्ति विशेष के आवेदन पत्र दिनांक 28.04.2026 तक कार्यालय जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी में अवकाश दिनों को छोडकर आमंत्रित किये जाते है।

| क्र. | जलाशय का नाम | विकास खंड | जलक्षेत्र (हेक्टे. में) | निर्धारित प्राथमिकता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बादलपुर जलाशय | घोड़ाडोंगरी | 28.76 हैक्टेयर | अ. पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति। ब. स्व सहायता मछुआ समूह। स. व्यक्ति विशेष। |
| 2 | पूंजी जलाशय | | 15.15 हैक्टेयर | |
| 3 | डुल्हारा जलाशय | | 11.00 हैक्टेयर | |
| 4 | रावनवाड़ी जलाशय | | 14.68 हैक्टेयर | |
| 5 | गोपीनाथपुर जलाशय | | 55.62 हैक्टेयर | |
| 6 | शोभापुर (रतनपुर) जलाशय | | 28.13 हैक्टेयर | |
| 7 | मलसिवनी जलाशय | | 12.33 हैक्टेयर | |

क्रियाशील पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति का प्रस्ताव ठहराव, सदस्य सूची एवं गत 03 वर्षो की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। जलाशय की पट्टा राशि एवं स्टाम्प डियूटी जो भी नियत की जावेगी, उसे मान्य करना होगा। अनुबंध का पंजीयन कराना होगा। जलाशय की निर्धारित लीज राशि नियत समय पर जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम / शर्तो की जानकारी कार्यालय जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी / सहायक संचालक मत्स्योद्योग बैतूल में देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी**

# ट्राले में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

## ▪ बरेठा घाट में ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान



**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। भोपाल-नागपुर फोरलेन पर बरेठा घाट पर घाट उतरते समय राजस्थानी ढाबे के आगे चढ़ाई पर एक ट्राले में अचानक आग लगने से ड्राइवर ने किसी तरह कूदकर जान बचाई। ड्राइवर के कूदने के बाद ट्राला पलट गया और आग ने ट्राले को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना गुरुवार को दोपहर 12 बजे के लगभग बरेठा घाट से उतरते समय राजस्थानी ढाबे के पास बिना मुंडेर की पुलिया के आगे चढ़ाई चढ़ते समय ट्राला में आग लग गई।**

### रिवर्स होकर पलटा ट्राला

चढ़ाई पर आग देखकर ड्राइवर ट्राला से कूद गया जिसके चलते ट्राला रिवर्स होकर पीछे पलट गया और ट्राला पूरी तरह से धू-धूकर जलने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्राले में खली की बोरी भरी हुई थी जो महाराष्ट्र से भोपाल की तरफ जा रही थी। लेकिन आग ने उसे पूरी तरह से घेर लिया था।

### शार्ट सर्किट से लगी आग

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। आग लगने के बाद ट्राला के ड्राइवर शिवनाथ ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। ड्राइवर के सुरक्षित बचने से सभी ने राहत की सांस ली। शाहपुर से दमकल की टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं थाना प्रभारी अरविंद कुमरे भी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे । पुलिस ने ट्रैफिक को नियंत्रित किया ।

### खल्ली भरकर राजस्थान जा रहा था ट्राला

इस मामले में थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते हैं पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई । जिसके बाद अग्निशमन की टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया और आग पर काबू पाया गया। इस मामले में ड्राईवर की जान बच गई और किसी प्रकार की हताहत नहीं हुई है। हादसे के वक्त ट्राले में चालक शिवनाथ (निवासी नागौर, राजस्थान) अकेला मौजूद था। ट्राला महाराष्ट्र से खल्ली भरकर राजस्थान जा रहा था।

# आदिवासी विरोधी है भाजपा सरकार : इवने

## ▪ गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज करना है इसका प्रमाण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** खेड़ी रामोसी कांड में 32 आदिवासी परिवारों के लोगों पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज होने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह इवने ने इस पूरे मामले को लेकर भाजपा सरकार पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस कार्रवाई ने साबित कर दिया है कि भाजपा आदिवासी विरोधी है और सत्ता का उपयोग कर आदिवासियों को उनकी ही जमीन से हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बेदखल करने का कर रहे हैं प्रयास

जितेंद्र सिंह इवने ने कहा कि एक गरीब आदिवासी परिवार से जुड़े 32 लोगों पर एक साथ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उनका आरोप है कि भाजपा के नेता खुद आदिवासियों की जमीन खरीदने के प्रयास कर रहे हैं और जब आदिवासी इसका विरोध करते हैं तो पुलिस और राजस्व विभाग का उपयोग कर उन्हें उनकी मूल जमीन से खदेड़ने की कोशिश की जा रही है।

### पेसा कानून का नहीं हुआ पालन

उन्होंने कहा कि भाजपा एक तरफ खुद को आदिवासी हितैषी बताती है, लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल उलट है। पेसा कानून केवल कागजों में लागू है, जबकि आदिवासी क्षेत्रों में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। वन अधिकार कानून के तहत आदिवासियों को वन अधिकार पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं और वन विभाग कई जगह आदिवासियों की जमीन को अपनी बताकर कब्जा कर रहा है।

### आदिवासियों पर हो रहे हमले

जितेंद्र सिंह इवने ने बैतूल जिले में आदिवासी समाज पर लगातार हो रहे अत्याचार, शोषण और अन्यायपूर्ण घटनाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आदिवासी वर्ग के अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है, भूमि विवादों में आदिवासियों को न्याय नहीं मिल रहा है और प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता साफ दिखाई दे रही है।

### आदिवासियों का है हक

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से जल, जंगल और जमीन से जुड़ा हुआ है, लेकिन आज उन्हें अपने ही अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई मामलों में गैर-आदिवासी लोगों द्वारा छल-कपट से जमीन हड़पने, फर्जी दस्तावेज तैयार करने और शासकीय योजनाओं का गलत लाभ लेने की शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### असुरक्षा का बना हुआ है माहौल

जितेंद्र सिंह इवने ने यह भी कहा कि आदिवासी महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि आदिवासी समाज से जुड़े सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, भूमि विवादों में आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जाए और आदिवासी क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

# ट्रक की टक्कर में महिला की मौत

## ▪ चालक स्वयं ही पहुंचा चौकी

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** ट्रक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाकर एक वृद्धा टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला को जहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहीं ट्रक चालक स्वयं पुलिस चौकी पहुंच गया था। इस मामले में घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना खेड़ी सांवलीगढ़ बस स्टैण्ड की है।

### सड़क पार करते समय मारी थी टक्कर

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेड़ी के पांढरी ढाना निवासी सुन्दा बाई (65) सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित खुद ही खेड़ी पुलिस चौकी पहुंच गया, जहां पुलिस ने उसे अभिरक्षा में ले लिया। सूचना मिलते ही आरक्षक ओमप्रकाश यदुवंशी मौके पर पहुंचे और 112 वाहन की मदद से घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल बैतूल पहुंचाया गया।



### ▪ उपचार के दौरान हुई मौत

*जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला का उपचार शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुन्दा बाई मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करती थीं। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। उनकी मौत से परिवार को गहरा आघात लगा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक से पूछताछ जारी है।*

# घोड़ाडोंगरी-सारनी क्षेत्र में रविवार को 8 घंटे बंद रहेगी बिजली

***बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** 220 केव्ही ईएचव्ही सबस्टेशन सारनी में 220/132/33 केव्ही के 160 मेगावॉट के एरिवा कंपनी के ट्रांसफामर की स्थापना और उसे चालू करने का कार्य प्रगति पर है और 220/132/33 केव्ही के 100 मेगावॉट के सीजीएल कंपनी के ट्रांसफामर की क्षमता को बढ़ाया जाना है। जिससे 220 केव्ही ईएचव्ही सारनी से निकलने वाली 33 केव्ही घोड़ाडोंगरी, पाथाखेड़ा एवं नगर पालिका कुल 3 नंबर के 33 केव्ही फीडर बंद होने के कारण इनसे संबंधित समस्त ग्राम मुख्यतः घोड़ाडोंगरी, कान्हावाड़ी, सलैया, कोयलारी, जुआड़ी, झोली, रानीपुर, आमढाना, छूरी, दुधावानी, बिसलदेही, भोपाली, अर्जुन गोंदी, जांगड़ा, अनकावाड़ी, हीरावाड़ी, चोपना, दुर्गापुर, बादलपुर, हीरापुर, पूंजी, नयनपुर, पाथाखेड़ा, मोरडोंगरी, सतपुड़ा वन, टू, थ्री, राजडोह, पीएम आवास कालोनी एवं अन्य समीप के ग्रामों में 29 मार्च को प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक कुल 8 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी जिसे आवश्यक अनुसार घटया और बढ़ाया जा सकता है।*

# काटते समय घर पर गिर गया पेड़

## ▪ बच्चे और परिजनों ने भागकर बचाई जान

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। पेड़ को असुरक्षित तरीके से काटने पर वह घर पर गिर गया। वह तो गनीमत रही कि गंभीर हादसा नहीं हुआ वरना जानमाल की हानि भी हो सकती थी। घटना के समय बच्चों और परिजनों ने भागकर जान बचाई। घटना मुलताई के मसोद रोड स्थित मरही माता मंदिर के पास गुरुवार दोपहर 1 बजे की है। घटना के समय मकान के पास मौजूद 13 वर्षीय आदर्श, जो दीपक पाठेकर का पुत्र है, ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत मौके से भागकर अपनी जान बचाई। उसकी तत्परता से एक बड़ी अनहोनी टल गई।**



बताया जा रहा है कि कुछ लोग इस पेड़ को असुरक्षित तरह से काट रहे थे, यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो पेड़ मकान पर नहीं गिरता। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए और क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और नगर पालिका (नपा) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित किया और आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी। इस पूरी घटना में सबसे राहत की बात यह रही कि कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे भगवान की कृपा बताते हुए राहत की सांस ली।


# रामनवमी पर दादा नाम जाप एवं भण्डारा- प्रसादी आज

श्री सांई नवरात्र उत्सव समिति, एक्सेस बैंक के पास, बैतूल द्वारा प्रतिवर्ष श्रीराम नवमी/ दुर्गा नवमी के अवसर पर चैत्र नवरात्र में दादा नाम एवं भण्डारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी श्रीरामनवमी / दुर्गा नवमी के अवसर पर समिति द्वारा श्री धुनीवाले दादाजी महाराज का दादा नाम जाप, आरती- पूजन 27 मार्च, शुक्रवार को दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक किया जाएगा। इसके उपरांत शाम 7 बजे भगवान श्रीराम की महाआरती और दादाजी धुनीवाले की आरती के पश्चात भगवान को भोग समर्पित होगा।



*27 मार्च को शाम 7 बजे से भण्डारा प्रसादी का आयोजन एक्सेस बैंक के बाजू में, कालेज रोड, सिविल लाइन, बैतूल में रखा गया है। समिति ने सभी भक्तजनों से भण्डारा प्रसादी गृहण करने की अपील की है।*

नोट : इसे ही व्यक्तिगत निमंत्रण समझकर पधारने का कष्ट करें।

**निवेदक : सांई नवरात्र उत्सव समिति एवं समस्त दादा परिवार, बैतूल**

## फर्नीचर बेचना है



- एक लकड़ी का टेबल
- लकड़ी की 6 कुर्सी
- लोहे का डबल डेकर पलंग (हेवी)
- गोदरेज जैसी लोहे की 5 फीट वाली 3 अलमारी
- लकड़ी का बॉक्स वाला डबल बेड और एक दीवान

**संपर्क करें : 9425002232**







## कांतिशिवा मल्टीप्लेक्स बैतूल में




**ONLINE BOOKMYSHOW**

**Paytm Booking No. 07141-355800**

**टिकिट बुकिंग के लिए संपर्क करें: 07141-355800**



# आमला में 42 वें सीताराम कीर्तन का समापन आज

- श्री मनोकामना नाथ नागेश्वर मंदिर में जारी है कीर्तन

*आमला(राष्ट्रीय जनादेश)। चैत्र नवरात्रि एवं श्री रामनवमी के पावन अवसर पर आमला में आयोजित सीताराम कीर्तन का समापन आज 27 मार्च 2026 (शुक्रवार) को दोपहर पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। यह भव्य धार्मिक आयोजन 19 मार्च से श्री मनोकामना नाथ नागेश्वर शिव मंदिर, एरोड्रम आमला में निरंतर जारी है। साकेतवासी महामंडलेश्वर 1008 श्री रघुवरदास जी महाराज विद्याकुंड अयोध्या निवासी के मार्गदर्शन में पिछले 42 वर्षों से चैत्र नवरात्र के अवसर पर चल रहे इस कीर्तन में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर भक्ति रस में सराबोर हो रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। लक्ष्मण शेषराव चौकीकर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नवयुवक रामायण मंडल आमला, रामायण मंडल बोड़खी, महिला मंडल एवं ग्रामीण भजन मंडलों द्वारा नौ दिनों तक निरंतर कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई। समापन अवसर पर हवन-पूजन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति अपेक्षित है। आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित उपस्थित होकर इस पावन अवसर पर भाग लें और पुण्य लाभ प्राप्त करें। कार्यक्रम का आयोजन उमराव चौकीकर भगत जी रामायण मंडल, आमला बोडखी के तत्वावधान में समस्त भजन मंडल एवं महिला मंडल के सहयोग से किया जा रहा है।*

# दूषित जल उपचार संयंत्र और ई-चार्जिंग स्टेशन की सौगात

- सम्मेलन में सारनी नगर पालिका का 143 करोड़ का बजट पारित



**सारनी (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर पालिका परिषद सारनी में गुरुवार को परिषद के विशेष सम्मेलन का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका ने 143 करोड़ रुपए का बजट पारित किया। कई विकास कार्यों को बजट में शामिल किया गया है।**

नगर पालिका सभाकक्ष में विशेष सम्मेलन हुआ। सम्मेलन अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, नेता प्रतिपक्ष आनंद पिंटिश नागले, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम की उपस्थिति में हुआ। बैठक में वित्त शाखा के सभापति दशरथ सिंह जाट की उपस्थिति में सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर ने सालाना बजट प्रस्तुत किया। अनुमानित 143 करोड़ रुपए का बजट परिषद के समक्ष रखा गया। सहायक लेखाधिकारी ने बजट को विस्तारपूर्वक पढ़कर सुनाया। नगर में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में गार्ड-गनमैन, आउट सोर्स कर्मचारियों के टेंडर को लेकर चर्चा हुई। नगर पालिका ने हाईकोर्ट के महाधिवक्ता के अभिमत अनुसार निर्णय का प्रस्ताव रखा। परिषद ने महाधिवक्ता के अभिमत अनुसार शॉर्ट टाइम टेंडर प्रक्रिया करने का निर्णय लिया। बैठक में पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना ददन सिंह, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, संगीता धोटे, प्रवीण सोनी, भावना बंडू माकोड़े, हरिता पाल, इशरत बी, रूपलाल बेलवंशी, बेबी ठाकुर, प्रीति सुरेश मानकर, योगेश बर्डे, गणेश महस्की, ताहिर अंसारी, जफर अंसारी, महेंद्र भारती, वंदना बबलू वामनकर, अनीता बेलवशी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, कविता पटैया, रेखा मायवाड़, मनोज कुमार डेहरिया, रेखा भलावी, सरिता वागद्रे उपस्थित थे।

### बजट में ये रहेगा खास

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत दूषित जल उपचार संयंत्र निर्माण लागत 35 करोड़ बजट में शामिल किया गया। टेंडर प्रक्रियाधीन। (पूरे नगर के नालों को जोड़कर दूषित जल उपचार)
- अमृत 2.0 योजना के तहत छठ घाट का जीर्णोद्धार 2.5 करोड़ बजट में प्रावधान।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में एमआरएफ. सेंटर निर्माण, लागत 2.5 करोड़।
- शासन के निर्देशानुसार शहर में ई-चार्जिंग स्टेशन, लागत 1 करोड़ बजट में प्रावधान। स्थापना की तैयारी।

### बजट एक नजर में

- 143 करोड़ कुल अनुमानित बजट
- अनुमानित आय- 143.51 करोड़
- अनुमानित व्यय 143.24 करोड़
- बचत- 2.6 लाख

# धर्मांतरण किया तो अनुसूचित जाति की पात्रता होगी खत्म

- हिंदू-सिख या बौद्ध से धर्म बदला तो समाप्त हो जाएगा एससी का दर्जा और आरक्षण

***सर्वोच्च न्यायालय ने धर्मांतरण और अनुसूचित जाति (एससी) की श्रेणी के परिप्रेक्ष्य में व्यापक प्रभाव वाला ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। न्यायामूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और मनमोहन की पीठ ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म को छोड़कर कोई अन्य धर्म (जैसे ईसाई या इस्लाम) अपना लेता हैं तो वह अनुसूचित जाति के दर्जे में नहीं रह जाएगा। वह स्वयं या परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी में आरक्षण या अन्य संवैधानिक लाभ का पात्र होने का दावा भी नहीं कर सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन के साथ ही उसका अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है। न्यायालय के इस फैसले से अर्से से चल रही उस बहस पर निर्णायक विराम लग जाता है कि व्यक्ति के धर्म परिवर्तन कर लेने से उसकी मूल सामाजिक पृष्ठभूमि में परिवर्तन नहीं आता है, इसलिए उसे आरक्षण का हकदार माना जाता रहना चाहिए। यहां सवाल यह भी उठता है कि जब उसकी मूल पृष्ठभूमि में परिवर्तन आता ही नहीं है, तो फिर वह धर्म बदलता क्यों है ? क्या केवल लाभ के लालच में या फिर छल-छद्म के चलते ?***

*इस फैसले में शीर्ष न्यायालय ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें एक पादरी द्वारा एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर को रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा है कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेष, 1950 के अनुच्छेद-3 के अंतर्गत धर्मांतरण के साथ ही एससी का दर्जा तत्काल समाप्त हो जाता है। अर्थात इस कानून के अंतर्गत षिकायत केवल वही व्यक्ति दर्ज करा सकता है, जो वास्तव में इस समुदाय से संबंधित है। धर्म छोड़ने के उपरांत वह वैधानिक अधिकार खो देता है। अदालत ने दो टूक कहा है कि 1950 के इस आदेश में हिंदू, सिख एवं बौद्ध ही अनुसूचित जाति की श्रेणी में आते हैं। अतएव जन्म के आधार पर मिलने वाला यह दर्जा धर्मांतरण के बाद अपना प्रभाव खो देता है। कानून इस बात की अनुमति नहीं देता कि कोई व्यक्ति एक साथ ईसाई धर्म के रीति-रिवाजों का पालन करे और मूल रूप में अनुसूचित जाति से होने के कारण संवैधानिक लाभ भी प्राप्त करता रहे ? यह दोनों स्थितियां परस्पर विरोधी हैं। दरअसल यह मामला आंध्रप्रदेष के मूल निवासी पादरी चिंथाड़ा आनंद से संबंधित है। आनंद ने मारपीट व जातिगत गाली-गालोंज का आरोप लगाते हुए एससी-एसटी धाराओं में एफआईआर कराई थी। किंतु वह एक दशक से ईसाई पादरी की भूमिका में हैं और घटना के समय घर में प्रार्थना-सभा कर रहे थे, जिससे स्पष्ट होता है कि आनंद ईसाई-धर्म के पालन में संलग्न थे। अतएव वे अनुसूचित जाति कानून के तहत मिली विशेष सुरक्षा का दावा नहीं कर सकते हैं। ईसाई धर्म में तो वैसे भी जातिगत पहचान की कोई व्यवस्था ही नहीं है।*

*धर्मांतरण से जुड़ा यह मुद्दा लंबे समय से संसद में गरमाता रहा है। झारखंड से भाजपा सांसद निषिकांत दुबे और मध्य-प्रदेष के ढालसिंह बिसेन ने कहा था कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है, इसलिए दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पश्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। चिंथाड़ा आनंद का मामला एक अपवाद है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक आज तक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित*



*जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अब इस दिशा में यह बहुप्रतीक्षित फैसला संवैधानिक झोल का आधार बन सकता है।*

*संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार धर्म, जाति, लिंग और जन्म स्थान के आधार पर राष्ट्र किसी भी नागरिक के साथ पक्षपात नहीं कर सकता। इस दृष्टि से संविधान में विरोधाभास भी हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950, जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में अन्य धर्म समुदायों के दलित और हिंदू दलितों के बीच एक स्पष्ट विभाजक रेखा है, जो समता और सामाजिक न्याय में भेद करती है। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। इस बाबत रंगनाथ मिश्र की रिपोर्ट ने इस भेद को दूर करने की पैरवी की थी। लेकिन संविधान में संषोधन के बिना यह संभव नहीं था। 2015 में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा था कि एक बार जब कोई व्यक्ति हिंदु धर्म या मत छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बन जाता है तो हिंदु होने के चलते उसके सामाजिक, षैक्षिक और आर्थिक रूप से कमजोर होने की अयोग्ताएं समाप्त हो जाती हैं। लिहाजा उसे संरक्षण या आरक्षण देना जरूरी नहीं है। इस लिहाज से उसे अनुसूचित जाति का व्यक्ति भी नहीं माना जाएगा। ताजा फैसला इस कड़ी की पुश्टि में माना जाना चाहिए।*

*वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में शामिल नहीं है। दरअसल इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है। परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल किए गए कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। हालांकि अब जम्मू-कश्मीर में धारा-370 और 35-ए का खात्मा हो गया है। लेकिन कश्मीरी पंडितों को अल्पसंख्यक दर्जा देने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है ? मध्य-प्रदेश में मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को अल्पसंख्यक दर्जा दिया गया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी सर्वथा वंचित हैं।*

*राजनीतिक दल और नेता भले ही आरक्षण का खेल खेलकर वोट की राजनीति के तहत जातीय समुदायों को बरगलाते रहें, लेकिन हकीकत यह है कि आरक्षण भारतीय मानसिकता को झकझोरने के साथ जातीय और धर्म समुदायों में बांटने और उन्हें मजबूती देने का काम कर रहा है। रंगनाथ मिश्र और सच्चर समितियों ने भी डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व में सीधे-सीधे अल्पसंख्यकों के बहाने मुस्लिमों को आरक्षण देने की कवायद की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। बावजूद यह सही है कि एक समय आरक्षण की व्यवस्था हमारी सामाजिक जरूरत थी, लेकिन हमें इस परिप्रेक्ष्य में सोचना होगा कि आरक्षण बैसाखी है, पैर नहीं ? याद रहे यदि विकलांगता ठीक होने लगती है तो चिकित्सक बैसाखी का उपयोग बंद करने की सलाह देते हैं और बैसाखी का उपयोगकर्ता भी यही चाहता है। किंतु राजनीतिक महत्वाकांक्षा है कि आरक्षण की बैसाखी से मुक्ति नहीं चाहती ? बीते 78 सालों में आए जातीय परिवर्तनों और आर्थिक बदलावों से तय हुआ है कि अब देश में ऐसी विभाजन रेखा बन रही है, जिसमें दो वर्ग 'सबल एवं दुर्बल' अनुभव हो रहे हैं। इसलिए किसी धर्म या पंथ के बिना ऐसे उपाय किए जाएं, जिससे सभी कमजोर भारतीयों को आरक्षण का लाभ मिले ?*

## दशरथ-कौशल्या ने बनाया निराकार ब्रह्म को सगुण साकार

# पूर्ण ब्रम्ह है मर्यादापुरूषोत्तम भगवान श्रीराम : पं. शुक्ल

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वैसे तो शास्त्रों में परमात्मा को आज अनादि अगोचर अचिंत्य और मन बुद्धि से परे सर्वव्यापकत अविनाशी कहा है। वह जन्म-मृत्यु से परे है कण कण में व्याप्त है और नाम रूप तथा गुण से भी अलग है किन्तु जब कोई भक्त शुद्ध अंत:करण से उसकी आराधना करता है तो सारे नियम और विधान तोड़ कर वह सगुण साकार बन जाता है। सर्व व्यापक ब्रह्म एक माता की गोद में सीमित हो जाता है असीम ससीम बन जाता है जगत का पिता पुत्र बन जाता है तथा निरंजन की आंखों में माता अंजन लगाने लगती है। श्री हनुमत कथा महोत्सव न्यू बैतूल स्कूल ग्राउंड में आज राम नवमी महोत्सव पर श्री राम जन्म की व्याख्या करते हुए मानस महारथी पं निर्मल कुमार ने उक्त उद्गार व्यक्त किए। आप ने कहा कि राजा दशरथ मूर्तिमान वेद हैं और तीनों रानियां वेद की तीन ऋचाएं हैं।**

### चारों वेद के चार होते हैं पुरूषार्थ

माता कौशल्या ज्ञान कैकेई कर्म और सुमित्रा उपासना हैं। चारों पुत्र वेद के चार पुरुषार्थ हैं जिनमें भरत जी धर्म शत्रुघ्न अर्थ लक्ष्मण जी काम (कामना) तथा भगवान श्री राम मोक्ष हैं। महराज श्री ने बताया कि राजा दशरथ की आयु 60,000 वर्ष बीत गई लेकिन कोई पुत्र नहीं हुआ तब गुरु वशिष्ठ के आदेश से श्रृंगी ऋषि बुलाए गए उन्होंने पुत्र कामेष्टि यज्ञ कराया परिणाम स्वरूप राजा दशरथ को चार पुत्र प्राप्त हुये। भगवान श्री राम का जन्म चैत्र शुक्ल नवमी के को मध्य दिन में हुआ। चैत्र का मतलब बसंत रितु हर तरफ वृक्षों में नई नई कोपलें आ गई हैं कृषक के घर नई फसल आ गई है पुष्पों से उपवन सुवासित हो रहे हैं।आमों में बौर लगे हैं जिनमें मदमस्त कोयलों का कुहू कुहू स्वर झंकृत हो रहा है। मंगल वार का दिन है क्योंकि भगवान श्रीराम मंगल भवन अमंगल हारी हैं। ए सारे जगत का मंगल करने आए हैं।मध्य दिन है न अधिक गर्मी न अधिक सर्दी श्रीराम का



स्वभाव ऐसा ही है न अधिक कठोर न अधिक कोमल।

12 बजे दिन संसार भोजन करके विश्राम में रहता है श्रीराम अखिल लोक को विश्राम देने आए हैं। देवता विमानों पर बैठ कर मंगल गान करते हुए पुष्प बरसा रहे हैं सरयू में उत्ताल तरंगें उठ रही हैं पुनर्वसु नक्षत्र चल रहा है अभिजित मुहूर्त में भगवान श्री राम का प्रादुर्भाव हो गया। नौ के अंक को पूर्णांक माना जाता है यह किसी अंक से कटता नहीं है तो भगवान श्री राम भी पूर्ण ब्रह्म हैं। इस प्रकार श्री राम जन्म की मंगल मय कथा सुनाते हुए महराज श्री ने सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के यजमान राजेश अवस्थी संगीता अवस्थी प्रमोद अवस्थी प्रिया अवस्थी शोभित अवस्थी एवं समस्त अवस्थी परिवार ने महराज श्री का पुष्प हार से स्वागत किया तथा समस्त श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## पहली बार नर्मदा और ताप्ती के जल का होगा परस्पर समर्पण

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। देश-दुनिया में पहली बार मध्यप्रदेश की दो पवित्र नदियों नर्मदा और ताप्ती के उद्गम स्थलों के जल का परस्पर समर्पण किया जाएगा। पूर्व से पश्चिम की ओर समानांतर बहने वाली ये दोनों नदियां अलग-अलग स्थानों से निकलकर अरब सागर में मिलती हैं। मार्च के अंतिम सप्ताह में अमरकंटक में आयोजित इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। बैतूल जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं मां सूर्यपुत्री ताप्ती जागृति समिति मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर दयाराम पंवार के नेतृत्व में पत्रकारों का दल 27 मार्च को मुलताई स्थित ताप्ती सरोवर से जल लेकर अमरकंटक के लिए रवाना होगा। 28 मार्च को नर्मदा जी के उद्गम स्थल नर्मदा कुण्ड में आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश भार्गव सहित देशभर से आए पत्रकारों की मौजूदगी में ताप्ती जल मां नर्मदा को समर्पित किया जाएगा। सम्मेलन के समापन पर नर्मदा कुण्ड से जल लेकर डॉ. रामकिशोर पंवार उसे मुलताई के मुलतापी ताप्ती सरोवर में मां ताप्ती को समर्पित करेंगे। उल्लेखनीय है कि नर्मदा और ताप्ती देश की ऐसी नदियां हैं जो समानांतर बहती हैं, जिनके बीच मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में दूरी लगभग 20 से 100 किलोमीटर तक रहती है। इधर, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ की मध्यभारत वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र गौतम 28 और 29 मार्च को अमरकंटक में होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति की 144वीं बैठक में शामिल होंगे। वे 26 मार्च को दुर्ग हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस से ग्वालियर से रवाना होकर 27 मार्च सुबह शहडोल पहुंचेंगे। उनके साथ वरिष्ठ पत्रकार रामविलास शर्मा, रोशनलाल गुप्ता, राधाकृष्ण सिंघल, प्रदेश कोषाध्यक्ष घनश्याम डंडोतिया सहित अन्य साथी रहेंगे। शहडोल से विश्राम के बाद वे सड़क मार्ग से अमरकंटक पहुंचेंगे और रास्ते में अनूपपुर-अमरकंटक के बीच होटल मिड वे ट्रीट में भोजन करेंगे। वे 27 से 30 मार्च तक अमरकंटक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।*

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

- वंदेमातरम 150 वर्ष अभियान के तहत जिला कलेक्ट्रेट में किया कार्यक्रम





**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। वन्देमातरम के 150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 26 मार्च को जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों एवं लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम में विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य श्री सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कपूर, लोकतंत्र सेनानी श्री मोतीलाल कुशवाहा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुमित सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे।


### राष्ट्र कल्याण में बने सहभागी

विधायक श्रीमती गंगाबाई उईके ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जनमानस में देश भक्ति की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज आवश्यक है कि भावी पीढ़ी ऐसे आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रीय गीत के महत्व को समझे तथा यह जाने कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने किन विषम परिस्थितियों में देश को आजादी दिलाई। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय गीत से प्रेरणा लेकर राष्ट्रकल्याण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

### सामूहिक रूप से किया गायन

जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार ने कहा कि भावी पीढ़ी को राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आज राष्ट्रीय गीत के सभी छह पदों का सामूहिक रूप से गायन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। वरिष्ठ समाजसेवी जितेंद्र कपूर ने भी अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की प्रेरणादायक भूमिका पर प्रकाश डाला।

# भुजलिया घाट पर चला स्वच्छता अभियान



**बैतूलबाजार (राष्ट्रीय जनादेश)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आंबेडकर वार्ड स्थित भूजलिया घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नदी के जीर्णोद्धार को ध्यान में रखते हुए घाट क्षेत्र में व्यापक सफाई की गई, जिसमें गाद, कचरा और अन्य अवांछित पदार्थों को हटाया गया। अभियान में नगर परिषद के सफाई कर्मियों के साथ स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। नगर परिषद के सीएमओ जी.आर. देशमुख स्वयं मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने सफाई कार्य का निरीक्षण किया और लोगों से चर्चा कर जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।सामूहिक प्रयासों से घाट क्षेत्र को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सफलता मिली। नगर परिषद ने नागरिकों से जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और कचरा न फैलाने की अपील की है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ जल स्त्रोत सुरक्षित रह सकें।

# जल संरक्षण और हुई स्वच्छता गतिविधियां

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकास खंडों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर के मार्गदर्शन में व्यापक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।**

## ▪ जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक





### चौपाल लगाकर किया जागरूक

घोड़ाडोंगरी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पांडरा में मंदिर परिसर एवं हैंडपंप के आसपास स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित कार्य किए गए। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, ग्राम पांडरा के माध्यम से आयोजित किया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कर जल चौपाल लगा कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। प्रस्फुटन समिति व ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया एवं भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर करने के लिए प्रेरित किया गया।

### कुएं के आसपास की साफ सफाई

प्रभात पट्टन विकासखंड के प्रस्फुटन ग्राम पाबल में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के सहयोग से मेंटर रोशन लोखंडे की उपस्थिति में जल स्त्रोत निर्मल नीर कूप के आसपास साफ-सफाई कर जल चौपाल आयोजित की गई।

साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। वहीं विकासखंड शाहपुर के ग्राम पावर झंडा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्था सनराइज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी एवं जय सेवा वेलफेयर फाउंडेशन, बरेठा ने सेक्टर ग्राम बरेठा में जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू छात्र, ग्रामवासी तथा संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की और जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस पहल से राहगीरों को राहत मिलने के साथ-साथ जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में परामर्शदाता दीपचंद वर्मा एवं समिति के मनीष कुमरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों एवं अतिथियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और छोटे-छोटे प्रयासों से जल सुरक्षा सुनिश्चित करें। अभियान के माध्यम से जिलेभर में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार हो रहा है और जनभागीदारी से जल स्त्रोतों के संरक्षण को नई दिशा मिल रही है।

# बीते साल से बेहतर रहा 5वीं-8वीं का रिजल्ट

## ▪ कक्षा 5वीं का 95.18 और 8वीं का 94.22 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ बोर्ड पैटर्न पर हुई कक्षा 5वीं और 8वीं के जिले के परीक्षा परिणाम इस साल बीते साल से बेहतर रहे हैं। कक्षा 5वीं में 95.18 प्रतिशत और 8वीं में 94.22 प्रतिशत बच्चों ने इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने में सफलता हासिल की है। इस बार दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई थी। वहीं उत्तर पुस्तिकाओं की जांच भी मूल्यांकन केंद्र बनाकर की गई थी। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आज 25 मार्च को इन दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कक्षा पांचवीं में जिले में 23071 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से 22550 परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 21464 परीक्षार्थी उत्तीर्ण होने में सफल हुए हैं। उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 95.18 है। पिछले साल जिले के 92.92 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इसी तरह कक्षा 8वीं में 22173 परीक्षार्थी दर्ज थे, जिनमें से 21295 परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 20064 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 8वीं का परीक्षा परिणाम 94.22 प्रतिशत रहा है। यह पिछले साल के 90 प्रतिशत से अधिक है।*

*__अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए पुनः परीक्षा :__ कक्षा 5वीं एवं 8वीं वार्षिक परीक्षा-2026 में जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं या जो परीक्षा में अनुपस्थित रहे हैं, उनके लिए राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा मई-जून 2026 में पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी। यदि पुनः परीक्षा में भी कोई विद्यार्थी अनुपस्थित रहता है या अनुत्तीर्ण होता है, तो उसे उसी कक्षा में पुनः अध्ययन करना होगा। उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है।*

# सांदीपनी स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित कक्षाओं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश आवेदन पत्रों का वितरण एवं जमा करने की प्रक्रिया 23 मार्च 2026 से शुरू होकर 6 अप्रैल 2026 तक चलेगी। विद्यार्थियों को आवेदन पत्र के साथ पूर्व कक्षा की अंकसूची, आधार कार्ड, समग्र आईडी की छायाप्रति एवं सहमति पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। विद्यालय में कक्षा 1 वीं, 6 वीं, 9 वीं एवं 11वीं में प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 1 वीं, 6 वीं और 9 वीं में हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश उपलब्ध रहेगा, जबकि कक्षा 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्रारंभ की जाएगी। विद्यालय प्रशासन के अनुसार कक्षा 1वीं में प्रवेश के लिए 30 सितंबर 2026 तक 6 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है। वहीं शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही विद्यालय से दूरी के आधार पर भी प्रवेश में प्राथमिकता तय की जाएगी। निर्धारित दूरी के अंतर्गत यदि रिक्तियों से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो प्रवेश प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। प्राचार्य ने अभिभावकों से समयसीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके।

# प्रकाशदास महाराज के भजनों पर झूमें श्रद्धालु

## ▪ शतचंडी महायज्ञ के पांचवें दिन भव्य आयोजन ने बांधा समां



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** जौलखेड़ा में आयाजित शत चंडी महायज्ञ के पांचवे दिन प्रख्यात गायक प्रकाशदास महाराज के भजनों को सुनने जौलखेड़ा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भारी जन सैलाब उमड़ा। प्रकाश दास महाराज ने भी एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया जिससे देर रात तक भजनों की प्रस्तुति जारी रही तथा लोग भजनों के सागर में गोता लगाते रहे। उन्होने नगर में जोगी आया भेद कोई समझ ना पाया, घर घर अलख जगाया भोलेनाथ ओ भोलेनाथ, ऐ देश है वीर जवानों सहित भजन एवं देश भक्ति के गीतों समधुर आवाज में सुनाया। राजस्थान के प्रसिद्ध गौ सेवक प्रकाशदास महाराज ने भजनों के पूर्व ताप्ती तट पर पहुंचकर मां ताप्ती को नमन कर जल आचमन किया तथा तप्तेश्वर महादेव मंदिर में जल अर्पित किया। इसके बाद जौलखेड़ा के उदासीन आश्रम राधा कृष्णा मठ पहुंचकर भजन तथा ओज से ओतप्रोत देशभक्ति गीत सुनाए कार्यक्रम के दौरान उन्होने उपस्थित लोगों को गो सेवा का संकल्प दिलाया एवं भारत माता के जयकारे लगाए। इसके पूर्व संत प्रकाशदास महाराज जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार के निवास पर पहुंचे तथा उनसे गौसेवा के संबंध में चर्चा की।

## 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे पैक्स कर्मचारी

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ पैक्स सहकारी समितियों के कर्मचारियों को लंबित समस्याओं का निराकरण समय सीमा में नहीं होने पर कर्मचारियों ने 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने की बात कही है। इस संबंध में पैक्स सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष अरूण अडलक के नेतृत्व में कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर लंबित समस्याओं का निराकरण किए जाने की मांग की है। मध्य प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष अरूण अडलक का कहना है कि ज्ञापन में पैक्स सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को कलेक्टर दर से अतिरिक्त बढ़ा हुआ वेतन अक्टूबर 2023 से दिया जाए। साथ ही कर्मचारियों को हर माह वेतन का भुगतान किया जाए। ज्ञापन में जिले के विक्रेताओं को 18 माह का भुगतान 54 हजार रूपए भी शेष, शेष राशि का भुगतान तत्काल किया जाए। ज्ञापन में पैक्स सहकारी समिति में कार्यरत सहायक प्रबंधकों को समिति प्रबंधकों को समकक्ष 60 प्रतिशत, कर्मचारियों का चयन प्रक्रिया से पदोन्नत किया जाना तय हुआ था जिसे आज दिनांक तक पूरा नहीं किया गया है तत्काल पदोन्नति की जाए। वहीं कनिष्ठ विक्रेताओं का परिविक्ष अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता माना जाए। ज्ञापन में कहा गया कि लंबित मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो संगठन 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल करेगा।*

## छात्रावासों में एससी-एसटी अधीक्षकों की नियुक्ति की मांग

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) ने बुधवार को कलेक्टर बैतूल के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर जिले के छात्रावासों और आश्रमों में नियमों के अनुसार एससी-एसटी वर्ग के अधीक्षकों की नियुक्ति की मांग की। संघ ने बताया कि शासकीय नियमों के बावजूद बैतूल जिले के सभी दस विकासखंडों में संचालित अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रावासों व आश्रमों में कई स्थानों पर अन्य वर्ग के अधीक्षक पदस्थ हैं, जो नियमों के विपरीत है। इस मुद्दे को जिले की पिछली दो परामर्शदात्री बैठकों में भी उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अजाक्स ने मांग की है कि ऐसे सभी अन्य वर्ग के अधीक्षकों को जल्द हटाकर उनकी जगह अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के योग्य शिक्षकों को अधीक्षक बनाया जाए, ताकि छात्रों को अपने ही वर्ग के अधीक्षकों की देखरेख में शिक्षा मिल सके। ज्ञापन में ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार जोठे, तहसील अध्यक्ष शाहपुर स्नेहलता बारस्कर, जिला प्रतिनिधि धनराज परते और जिला अध्यक्ष दशरथ धुर्वे, हरिदास उइके, तुलसीराम उइके, आशा कावरे, राकेश इवने, दिनेश बारस्कर, मंजुला परते शामिल हैं।*

# लोणारी कुंबी समाज की कार्यकारिणी गठित

## ▪ निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**मुलताई(राष्ट्रीय जनादेश)।** क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई और समाज के विकास के लिए कार्य करने की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकरे, पी.आर. बोड़खे, जी.एन. पंडाग्रे, गिरीश मगरदे सहित अन्य वरिष्ठजनों ने नई टीम को जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने एवं समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। नई कार्यकारिणी में नीरज ठाकरे को अध्यक्ष, लोकेश देशमुख को सचिव, श्रीमती करुणा सोनारे एवं श्रीमती मीना ताई मानकर को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं कृष्णा दवंडे को कोषाध्यक्ष, डॉ. संदीप बर्डे को सहसचिव, कृष्णा पंडाग्रे को उप कोषाध्यक्ष तथा आशु देशमुख एवं श्रीमती सपना दवंडे को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सोनू डोंगरे को कार्यालय प्रभारी, बलराम चढ़ोकार को मीडिया प्रभारी एवं पंकज गीद को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। संचालक मंडल में गौरव पाटणकर, कपिल साबले, अमित धामने एवं श्रीमती पूनम डोंगरे को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने समाज के उत्थान, एकता एवं विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज के लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# कार्यशाला में बताएं नशे के दुष्परिणाम

## ▪ विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दी समझाईश



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के सहयोग से नवोदित ग्राम उत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय शाहपुर में एक दिवसीय नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया, जागरूकता रैली निकाली गई और हस्ताक्षर अभियान चलाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। इस मुख्य अतिथि व्याख्याता डॉ.शैली जैन ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन को नष्ट कर देता है, इसलिए युवाओं को शुरुआत से ही इससे दूरी बनाकर रखनी चाहिए। प्राचार्य राम बहादुर वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में सही दिशा और अनुशासन बहुत महत्वपूर्ण है। यदि युवा वर्ग नशे से दूर रहेगा तो वह अपने परिवार, समाज और देश के लिए बेहतर योगदान दे सकेगा। कृष्ण कटारे ने नशे से व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरा परिवार प्रभावित होता है। पीजीटी दयाराम विश्वकर्मा ने कहा कि नशा क्षणिक आनंद देता है, लेकिन इसके परिणाम लंबे समय तक नुकसान पहुंचाते हैं। पीजीटी लक्ष्मी साहू ने कहा कि युवाओं को गलत संगति से बचना चाहिए और अच्छे मित्रों का चयन करना चाहिए, जिससे वे सही मार्ग पर आगे बढ़ सकें। पीजीटी रामानंद शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने और समझने की क्षमता को कमजोर कर देता है।

पीजीटी रोहित जैन ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं नशा न करें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति का संकल्प लिया और समाज में इस संदेश को फैलाने का वचन दिया। इस अभियान में लगभग 120 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।

# गौ सम्मान आव्हान अभियान की हुई बैठक

## ▪ संतों के सानिध्य में गौ रक्षा के लिए संकल्प



**बैतूल( राष्ट्रीय जनादेश)। गौ माता की सेवा सुरक्षा और सम्मान के लिए देशव्यापी अभियान के अंतर्गत गायत्री मंदिर सिविल लाईन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक अभियान से जुड़े स्वामी गोपालानंद सरस्वती महाराज, प्रकाश नारायण महाराज, रामतीर्थ महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि 27 अप्रैल को जिले के तहसील स्तर, ब्लॉक, अनुमंडल, जिला कार्यालय जाकर तहसीलदार, ब्लॉक अधिकारी, अनुमंडल अधिकारी, जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री महोदय के नाम प्रार्थना पत्र तहसीलदार, उपखंड अधिकारी या जिला कलेक्टर को देना है।**

### यह है अभियान के मुख्य उद्देश्य

इस अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से प्रार्थना कर गौ माता को उचित, अनुसंधान और अनुदान मिले, गौहत्या पूरी तरह समाप्त हो, गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित कर उन्हें मौलिक अधिकार और सम्मान प्रदान किए जाएं। प्रत्येक प्रांत में एक गौ अभ्यारण, गौ शालाओं को मनरेगा से जोडना, बिजली बिल में छूट, मंदिरों के साथ गौशाला अनिवार्य, गौ हत्यारों और गौ तस्करी में लिप्त अपराधियों के लिए आजीवन कठोर कारावास की सजा का प्रावधान, गौ तस्करी में उपयोग वाहनों को राजसात कर गौशालाओं को सौंपा जाना और जिला स्तर पर चिकित्सालयों की स्थापना है।

### समय दान करें प्रचारक

यह अभियान किसी संस्था, संगठन के बैनर तले न होकर ईश्वर, गौ माता और नंदी बाबा के सानिध्य में गैर राजनीतिक होगा। जिसमें कोई मंचीय उद्बोधन या माइक से भाषण नहीं होगा बल्कि जप, भजन, कीर्तन करके प्रार्थना पत्र द्वारा मांग रखी जाएगी।

बैठक में गौ प्रेमियों से आव्हान किया है कि प्रचारक बनकर 2 वर्ष, 6 माह अथवा तीन माह का समय दान, अभियान में लगे प्रचारक जब आपके क्षेत्र में अभियान का प्रचार करने आए तब उनको भोजन, आवास उपलब्ध करवाकर और आगे प्रस्थान हेतु वाहन से छुड़वाकर, टिकट कराकर अथवा वाहन में ईंधन भरवा कर सहयोग कर सकते हैं। अभियान में प्रचार प्रसार निमित्त बैनर, पोस्टर और पर्चे छपवा सकते है।

### यह थे मौजूद

बैठक में गिरीश खंडेलवाल, आशीष साहू, बलराम जसूजा, गायत्री परिवार के हरवंशलाल आहूजा, श्री योग वेदांत सेवा समिति बैतूल के संरक्षक राजेश मदान, बलवंत मदान, एमएल डढोरे, केएल झपाटे, एचसी सोलंकी, अनिल लोखंड़े, मनोज वर्मा, यशवंत मुन्ना मानकर, लखन बिसन्दरे, लीला बाई, भुवनेश्वरी साँदू, अर्चना वर्मा, रीना सोलंकी, वरुणा लोखंडे, कुसुम चौहान, प्रीति गुप्ता, प्रतिभा प्रकाश साहू, पल्लवी नवघरे, योगिता , रत्नमाला कावरे, संचिता सक्सेना, विश्वपाल गंगारे, रामदास सरले सहित अन्य सैकड़ों गौ भक्त शामिल हुए।